This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 80**

## Part - A

***Time : 2 Hours*** ***Marks : 60***

**सूचना :**

1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनिट का समय निर्धारित है।
2. **भाग - A** के लिए 2 घण्टे का समय निर्धारित है।
3. **भाग - A** के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए **पाँच** अंक निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

इक्कीसवीं सदी का अब अंत होने वाला था और बाईसवीं सदी की शुरुआत। पृथ्वी पर मानव ने काफी प्रगति कर ली थी। जनसंख्या पर नियंत्रण कर लिया था। पर्यावरण की समस्या को लगभग हल कर लिया गया था। लोग सुख चैन से रह रहे थे।

**प्रश्न :**

(1) किस सदी का अंत होने वाला था?

(2) पृथ्वी पर किसने काफी प्रगति कर ली थी?

(3) लोग कैसे रह रहे थे?

(4) "समस्या" शब्द का बहुवचन रूपी शब्द लिखिए।

(5) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5×1=5

भारत के झंडे में तीन पट्टियाँ हैं। ऊपर वाली पट्टी केसरिया रंग की है। यह त्याग का चिह्न है। बीच वाली पट्टी सफेद रंग की है। सफेद रंग शांति का चिह्न है। नीचे वाली पट्टी हरे रंग की है। हरा रंग सुख शांति का चिह्न है। हमारे झंडे के बीच एक चक्र है। इस चक्र को अशोक चक्र कहते हैं।

प्रश्न :

(1) भारत के झंडे में कितनी पट्टियाँ हैं?

(A) एक (B) दो (C) तीन (D) चार

(2) ऊपर वाली पट्टी किस रंग की है?

(A) केसरिया (B) सफेद (C) हरा (D) नीला

(3) सफेद रंग किसका चिह्न है?

(A) त्याग (B) शांति (C) सुख (D) क्रोध

(4) नीचे वाली पट्टी किस रंग की है?

(A) केसरिया (B) सफेद (C) हरा (D) पीला

(5) हमारे झंडे के बीच क्या है?

(A) शंख (B) पत्ता (C) फूल (D) चक्र

3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 5×1=5

उलझन में उलझे लोगों को, तथ्य दीप समझायेंगे।
भटक रहे जो जीवन पथ से, उनको राह दिखायेंगे॥
हम खुशियों के दीप जला, जीवनज्योत जलायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे॥

प्रश्न :

(1) हम उलझन में उलझे लोगों को क्या समझायेंगे ?

(2) भटकने वालों को हम क्या दिखाएँगे ?

(3) हम भारतवासी किसको पावन धाम बनायेंगे ?

(4) "दुनिया" शब्द का अर्थ लिखिए।

(5) उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन है?

**4.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

एक चमकता है ध्रुव तारा
एक चाँद तारों के बीच लगता न्यारा
अटल रहना सीखो ध्रुव तारे से
स्वच्छ रहना सीखो जैसे चाँद-सितारे से।

**प्रश्न :**

(1) चमकने वाला तारा कौन-सा है?

(A) सूरज (B) दीप (C) ध्रुव तारा (D) अरुण तारा

(2) चाँद किनके बीच है?

(A) ग्रहों (B) तारों (C) मेघों (D) उपग्रहों

(3) चाँद कैसा लगता है?

(A) छोटा (B) बड़ा (C) पीला (D) न्यारा

(4) ध्रुव तारे से क्या सीखना चाहिए?

(A) स्वच्छ रहना (B) अटल रहना (C) सोना (D) दौड़ना

(5) चाँद-सितारे से क्या सीखना चाहिए?

(A) स्वच्छ रहना (B) अटल रहना (C) जागना (D) जगाना

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए। **6×3=18**

**5.** रहीम जी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**6.** वर्षा के समय सभी प्राणी पुलकित होते हैं। वर्णन कीजिए।

**7.** पाठ के आधार पर "स्वराज्य की नींव" का अर्थ बताइये।

**8.** पहाड़ी लोक-गीतों के बारे में लिखिए।

**9.** अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए।

**10.** मदर टेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है?

**III.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर छ: या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

**11.** मेहनत करने वाला ही 'कण-कण का अधिकारी' है।
पाठ के आधार पर अपने विचार बताइए।

**12.** मीरा बाई ने अपने पदों में गुरु की महिमा का वर्णन कैसे किया?

**IV.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर छ: या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

**13.** अब हिन्दी न केवल भारत की बल्कि विश्व की भाषा बन चुकी है। इस कथन पर अपने विचार बताइए।

**14.** काका कालेलकर जी ने गोदावरी नदी का मार्मिक वर्णन किया है।
'दक्षिणी गंगा गोदावरी' पाठ के आधार पर अपने विचार बताइए।

**V.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1×5=5**

**15.** आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता के नाम पर एक पत्र लिखिए।

**16.** किसी कालेज में प्रवेश पाने के लिए कालेज के प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए।

**VI.** ***किसी एक*** विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×5=5**

**17.** दूरदर्शन मानव का एक सर्वश्रेष्ठ आविष्कार है। इस विषय पर निबंध लिखिए।

**18.** हमारा पर्यावरण दिन ब दिन प्रदूषित होता जा रहा है। पर्यावरण और प्रदूषण पर एक निबंध लिखिए।

This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 80**

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 20***

*सूचना :*

1. **भाग - B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पुस्तिका में ही लिखिए।
2. **भाग - B** के लिए आधा (½) घंटे का समय निर्धारित है।

*विशेष सूचना :*

1. **सभी** प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

**1.** लोकगीतों का संबंध देहात की जनता से है।
रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए। [ ]

(A) जंगल (B) गाँव
(C) शहर (D) विदेश

**2.** भारत एक प्राचीन देश है। [ ]
रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए।

(A) पुराना (B) अप्राचीन
(C) पूर्वकाल (D) नवीन

3. फिर-फिर आये जीवन में सावन मनभावन। [ ]
रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए।
(A) श्रावण (B) श्रवण
(C) श्रावणी (D) स्रावनी

4. हम सब सकुशल हैं। [ ]
रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।
(A) स (B) सक्
(C) सकु (D) ल

5. आज से वार्षिक परीक्षाएँ चल रही हैं। [ ]
रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए।
(A) व (B) वा
(C) इक (D) क

6. मैं सूर्योदय से पहले ही नहाता हूँ। [ ]
रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।
(A) सू + र्योदय (B) सूर + योदय
(C) सूर्यो + दय (D) सूर्य + उदय

7. नर समाज का भाग्य एक है, वह श्रम, वह भुजबल है। [ ]
रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।
(A) द्वंद्व समास (B) द्विगु समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) तत्पुरुष समास

8. 1947 को हिन्दी अक्षरों में पहचानिए। [ ]
(A) उन्नीस सौ सत्रह (B) उन्नीस सौ सैंतालीस
(C) उन्नीस सौ सैंतीस (D) उन्नीस सौ सात

**9.** पेड़ से हमें बहुत लाभ हैं। [ ]

*वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए।*

(A) से
(B) हमें
(C) हैं
(D) पेड़

**10.** मैं पाठशाला जाता हूँ। [ ]

*वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए।*

(A) मैं
(B) पाठशाला
(C) जाता
(D) हूँ

**11.** दिल्ली में प्राचीन लालकिला है। [ ]

*वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।*

(A) दिल्ली
(B) में
(C) लालकिला
(D) प्राचीन

**12.** मैं दसवीं कक्षा में पढ़ता हूँ। [ ]

*वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए।*

(A) मैं
(B) दसवीं
(C) कक्षा
(D) पढ़ता

**13.** गोपाल का घोड़ा तेज दौड़ता है। [ ]

*वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए।*

(A) तेज
(B) गोपाल
(C) का
(D) घोड़ा

**14.** लड़का पाठ पढ़ता है। [ ]

*स्त्रीलिंग रूपी वाक्य पहचानिए।*

(A) लड़के पाठ पढ़ते हैं।
(B) लड़की पाठ पढ़ती है।
(C) लड़के पाठ पढ़ती है।
(D) लड़की पाठ पढ़ते है।

**15.** आम का फल मधुर होता है। [ ]

*बहुवचन वाक्य पहचानिए।*

(A) आम के फल मधुर होते हैं।

(B) आम के फल मधुर होती है।

(C) आम का फल मधुर होती हैं।

(D) आम की फल मधुर होते है।

**16.** नदी ............ पानी में उन्माद था। [ ]

*उचित कारक चिह्न पहचानिए।*

(A) का (B) के

(C) की (D) से

**17.** शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

(A) सीता मेरा बहन है।

(B) सीता मेरे बहन है।

(C) सीता मेरी बहन है।

(D) सीता मेरे बहनों है।

**18.** सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए। [ ]

(A) लक्ष्मीबाई ने जूही से कहा

(B) लक्ष्मीबाई ने जूही कहा से

(C) जूही कहा से लक्ष्मीबाई ने

(D) कहा ने लक्ष्मीबाई जूही से

**19.** हम कल हैदराबाद जायेंगे। [ ]

*काल पहचानिए।*

(A) वर्तमान काल (B) पूर्ण भूतकाल

(C) अपूर्ण भूतकाल (D) भविष्यत् काल

**20.** राम की माँ परलोक सिधार गयी। [ ]

*रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए।*

(A) मर जाना (B) दु:खी होना

(C) खुशी मनाना (D) बाजार जाना